**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 815**
**दिनांक 04 दिसंबर 2025**

**चेतलाट और बित्रा, लक्षद्वीप द्वीपों में एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति**

†815. श्री हमदुल्ला सईदः

क्या *पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री* यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के चेतलाट और बित्रा द्वीपों में एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति अभी तक आरंभ नहीं हुई है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन द्वीपों में एलपीजी आपूर्ति आरंभ करने में अत्यधिक विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या चेतलाट और बित्रा में नियमित एलपीजी वितरण आरंभ करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) लक्षद्वीप के सभी बसावट हुए द्वीपों को निर्बाध एवं सुरक्षित एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (घ): लक्षद्वीप द्वीप समूह में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा की जाती है। लक्षद्वीप द्वीप समूह के केंद्र शासित प्रदेश में कावारत्ती, एंड्रोथ, मिनिकॉय, अमिनी, अगत्ती, कदमत, कल्पेनी, किल्टान, चेतलाट और बितरा जैसे 10 बसे हुए द्वीप हैं।

एलपीजी सिलेंडरों को कालीकट भरण संयंत्र से जहाजों/नावों के माध्यम से केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न द्वीपों तक ले जाया जाता है। इन द्वीपों में घरेलू एलपीजी का वितरण लक्षद्वीप सहकारी विपणन संघ (एलसीएमएफ) द्वारा संचालित डिस्ट्रीब्यूटरशिप के माध्यम से किया जाता है, जो केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप प्रशासन (यूटीएलए) के अंतर्गत एक सहकारी समिति है। वर्तमान में गोदामों और विस्तार काउंटरों के एक नेटवर्क के माध्यम से एलसीएमएफ, केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में एलपीजी सिलेंडरों के वितरण की देखरेख करता है।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, चेतलाट और बितरा छोटे द्वीप हैं जिनकी आबादी क्रमशः केवल 2,347 लोग और 271 लोग हैं। इन द्वीपों के निवासी वर्तमान में आस-पास के द्वीपों में स्थित विस्तार काउंटरों/गोदामों से एलपीजी की आपूर्ति प्राप्त करते हैं।

चेतलाट और बितरा में आपूर्ति अवसंरचना में और सुधार करने के लिए, यूटीएलए ने एलसीएमएफ के उपयोग के लिए इन द्वीपों में समर्पित एलपीजी सिलेंडर गोदामों का निर्माण किया है।

*****